2022-23 खरीफ़ मौसम में भारत में पोषक अनाजों में बाजरा का सकल प्रतिलाभ सबसे अधिक

जैसे कि 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, भारत भी पोषक-अनाजों, जिसमें बाजरा, ज्वार और रागी शामिल हैं, पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसके लिए सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करती है।

2022-23 के खरीफ़ विपणन मौसम के लिए, भारत सरकार ने ज्वार (हाइब्रिड) और ज्वार (मालदंडी) के लिए क्रमशः 2,970 रुपये प्रति क्विंटल और 2,990 रुपये प्रति क्विंटल एम एस पी की घोषणा की थी — दोनों के लिए 2021-22 से 232 रुपये की वृद्धि।

खरीफ़ विपणन मौसम 2022-23 के लिए बाजरा का एम एस पी भी 100 रुपये बढ़ाकर 2,350 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया था। रागी का समर्थन मूल्य भी 201 रुपये बढ़ाकर 3,578 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया था।

2022-23 खरीफ़ विपणन मौसम में सरकारी खरीद के लिए पोषक अनाज फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

फसल	**2022-23 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)**	**2021-22 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)**	**बढ़ौतरी (रुपए/कुइंटल)**	**बढ़ौतरी (प्रतिशत)**
ज्वार (हाइब्रिड)	2,970	2,738	232	8.47%
ज्वार (मालडंडी)	2,990	2,758	232	8.41%
बाजरा	2,350	2,250	100	4.44%
रागी	3,578	3,377	201	5.95%

भारत में 2022-23 के खरीफ़ विपणन मौसम में पोषक-अनाज फ़सलों में, खेती की लागत की तुलना में सबसे अधिक औसत सकल प्रतिलाभ बाजरा के लिए था। कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) की गणना के अनुसार, 2020-21 को समाप्त त्रैवार्षिक अवधि के दौरान खेती की लागत ए2+एफएल (वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य) पर बाजरा का औसत सकल प्रतिलाभ 10,195 रुपये प्रति हेक्टेयर या 4,078 रुपये प्रति एकड़ था।

ज्वार और रागी के लिए खेती की लागत पर औसत सकल प्रतिलाभ क्रमशः 9,422 रुपये प्रति हेक्टेयर (3,769 रुपये प्रति एकड़) और 6,411 रुपये प्रति हेक्टेयर (2,564 रुपये प्रति एकड़) था।

2020-21 को समाप्त त्रैवार्षिक अवधि के दौरान पोषक अनाज फ़सलों की खेती की वास्तविक लागत और संकेतक पारिवारिक श्रम पर अखिल भारतीय औसत लागत और सकल प्रतिलाभ

फ़सल	वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य	उत्पादकता का सकल मूल्य	वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य पर प्रतिलाभ	
	रुपये प्रति हेक्टेयर		रुपये प्रति हेक्टेयर (कॉलम 3-कॉलम 2)	प्रतिशत (कॉलम 4/ कॉलम 2*100)
कॉलम 1	कॉलम 2	कॉलम 3	कॉलम 4	कॉलम 5
**ज्वार	35,005	44,427	9,422	26.9
बाजरा	30,516	40,711	10,195	33.4
**रागी	51,315	57,726	6,411	12.5

स्रोत: *सी ए सी पी गणना*

अखिल भारतीय भुगतान की गई लागत, उत्पादकता का सकल मूल्य और सकल प्रतिलाभ संबंधित फ़सल की लागत, उत्पादकता का सकल मूल्य और सकल प्रतिलाभ की भारित औसत है

***2018-19 और 2019-20 के लिए मध्य प्रदेश और तेलंगाना में ज्वार और महाराष्ट्र, तमिल और उत्तराखंड में रागी के लिए औसत सकल प्रतिलाभ*